>

Title: Need to provide minimum wages to Anganwadi workers and to ensure their appointment as permanent government employees in Jharkhand and elsewhere.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): सभापति महोदय, झारखंड राज्य के अंतर्गत लगभग 30 हजार से अधिक आंगनवाड़ी सेविकाएं और सहायिकाएं 12 वर्षों से कार्यरत हैं और समाज में सबसे उपेक्षित वर्ग के बच्चों की देखभाल करती हैं। प्रारम्भिक शिक्षा के अलावा जनगणना, स्वास्थ्य संबंधी कार्य आदि कई सामाजिक कार्य करती हैं। ये प्रतिदिन आठ से दस घंटे काम करती हैं और इसके बदले इनकी मजदूरी सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। यदि देखा जाए तो इन्हें नरेगा के मजदूरों से भी कम मजदूरी मिलती है। हम आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहेंगे कि इन लोगों को कम से कम न्यूनतम मजदूरी तो देने की व्यवस्था की जाए। आज से पांच दिन पहले झारखंड में आंदोलन किया गया, घेराव हुआ, प्रदर्शन हुआ। हमने इस विषय को चार महीने पहले भी लोकसभा में उठाया था, लेकिन ऐसा रिप्लाई नहीं मिला, जिससे कि इन्हें राहत मिल सके। आपसे आग्रह है कि इन लोगों को उचित मजदूरी मिले।